www.avadhkaawaz.com

# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

वर्ष–10 अंक–85 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ रविवार 27 जून 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया

## राष्ट्रपति रामनाथ कोविंदे तीन दिवसीय कानपुर यात्रा पर

अवध की आवाज

कानपुर। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद तीन दिवसीय कानपुर यात्रा पर हैं। शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से प्रेसिडेंट ट्रेन महाराजा एक्सप्रेस से कानपुर के लिए रवाना हुए। राष्ट्रपति के साथ ट्रेन से रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सुनीत शर्मा भी कानपुर आए। सबसे पहले ट्रेन अलीगढ़ पहुंची। इसके बाद टूंडला और फिर फिरोजाबाद पहुंची। करीब पांच बजे ट्रेन इटावा पहुंची। औरैया होते हुए ट्रेन का पहला स्टॉपेज झींझक स्टेशन था। जहां ट्रेन 35 मिनट रूकी।



झींझक में रूकने के बाद राष्ट्रपति रूरा पहुंचे। रूरा से राष्ट्रपति की ट्रेन कानपुर सेंट्रल पहुंची। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी ने उनका स्वागत किया। कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर सुबह से ही सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा रेलवे व जिला प्रशासन के अफसर लेते रहे। मंडलायुक्त डॉ. राजशेखर व डीएम आलोक तिवारी ने स्टेशन निदेशक हिमांशु शेखर उपाध्याय के साथ तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए विचार विमर्श किया। केस्को एमडी अनिल ढींगरा ने राष्ट्रपति के रूट वाले रास्तों पर स्टेशन और सर्किट हाउस के बीच बिजली लाइनों की व्यवस्था देखी। दो दिन से इन रास्तों पर बिजली के ढीले तारों को कसे जाने का काम चल रहा है।

## महामहिम राष्ट्रपति के फ्लीट के जाम में फंसने से बीमार महिला की मौत

संवाददाता विनय सिंह

कानपुर। उद्यमी वंदना मिश्रा की मौत पर अधिकारियों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की। पुलिस कमिश्नर असीम अरुण और जिलाधिकारी अलोक तिवारी सहित आलाधिकारी अंत्येष्ठि में भगवतदास घाट पहुँचे। दरअसल राष्ट्रपति के आगमन की वजह से गोविन्द नगर में ट्रैफिक रोक गया था , जिस कारण जाम लग गया था ।इसी जाम में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन कानपुर चौप्टर की महिला विंग की अध्यक्षा वंदना मिश्रा की जाम में फंस गयी थी । उन्हें परिजन रीजेंसी हॉस्पिटल ले जा राजे थे लेकिन उनकी मौत हो गयी । आज अधिकारियो ने परिजनों से शोक संवेदना व्यक्त




की और भविष्य में ऐसा न हो इस पर ध्यान देने की बात कही साथ ही मामले की जाँच के भी आदेश दे दिए गए है।

## कानपुर नगर जिला पंचायत अध्यक्ष हेतु स्वप्निल वरुण का नामांकन कराया

प्रेम सिंह पारस अवध की आवाज

कानपुर नगर। भारतीय जनता पार्टी कानपुर महानगर उत्तर कार्यालय नवीन मार्केट से विजयी प्रत्याशी के रूप में कानपुर नगर जिला पंचायत अध्यक्ष हेतु स्वप्निल वरुण का नामांकन कराया गया। वहां उपस्थित पंचायत चुनाव के प्रभारी विजय बहादुर पाठक व



कानपुर नगर जिला पंचायत चुनाव की कमान संभाल रहे उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री सतीश महाना ने बताया कि दो–तिहाई बहुमत हमारे पास है हमारी जीत सुनिश्चित है। उन्होंने बताया कि कई निर्दलीय सदस्यों ने भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार पर पूर्ण आस्था रखते हुए प्रत्याशी स्वप्निल वरुण को आशीर्वाद स्वरुप अपना मत देने का ऐलान किया है। प्रत्याशी स्वप्निल वरुण का नामांकन के दौरान कार्यकर्ताओं के चेहरे अति प्रसन्न रहें सभी जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं ने बड़े ही हर्ष के साथ नामांकन में उपस्थित रहे। पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष सुनील बजाज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के उद्देश्य से सब को लेकर आगे बढ़ रही है उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को मिल रहा यह समर्थन निश्चित रूप से आगामी विधानसभा चुनाव के लिए शुभ संकेत हैं। नामांकन के दौरान आज पार्टी कार्यालय में सांसद सत्यदेव पचौरी उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नीलिमा कटियार विधायक सुरेंद्र मैथानी महेश त्रिवेदी अरुण पाठक अभिजीत सिंह सांगा भगवती प्रसाद सागर उपेंद्र पासवान जिला अध्यक्ष सुनील बजाज वीना आर्या कृष्ण मुरारी शुक्ला एवं सुरेश अवस्थी रघुनंदन सिंह भदोरिया आदि उपस्थित रहे।

## राज्य सड़क निधि से जनपद मेरठ के 4 मार्गों के लिए रु० 17 करोड़ 92 लाख 41 हजार की धनराशि का किया गया आवंटन

अवध की आवाज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राज्य सड़क निधि से जनपद मेरठ के 4 मार्गों के कार्यों हेतु रु० 61 करोड़ 71 लाख 85 हजार की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ चालू वित्त वर्ष में राज्य सड़क निधि से रू० 17 करोड 92 लाख41 हजार की धनराशि अवमुक्त किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संबंध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। इन चार कार्यों में जनपद मेरठ में हस्तिनापुर से सैफपुर करमचंदपुर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, मवाना जयसिंहपुर मिर्जापुर मार्ग से माता भद्रकाली मंदिर मार्ग का निर्माण का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, मवाना जयसिंहपुर मिर्जापुर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण तथा नयागांव मखदुमपुर मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कार्यों को निर्धारित एवं अनुमोदित मानकों में विशिष्टियो के अनुरूप संपादित कराया जाए ताकि उच्चगुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

## चर्चित घोटाला गर्वित इनोवेटिव प्राइवेट लिमिटेड (बाइक बोट कम्पनी) के 11 अन्य अपराधियों के विरूद्ध गिरोहबन्द अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत

अवध की आवाज

गौतमबुद्धनगर। गर्वित इनोवेटिव प्राइवेट लिमिटेड (बाइक बोट कम्पनी) नाम से फर्जी कम्पनी बनाकर लोगों से धोखाधडी करने वाले मुख्य अभियुक्त संजय भाटी व उसके अन्य साथियों के विरूद्ध थाना दादरी पर धोखाधडी से सम्बन्धित अभियोग पंजीकृत हुए थे। इनके द्वारा किये गये अपराध उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम–1986 के अन्तर्गत पाये जाने के कारण समस्त अपराधियों के विरूद्ध थाना दादरी पर श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय के अनुमोदन के पश्चात कम्पनी के मालिक संजय भाटी एवं उसके 14 अन्य साथियों के विरूद्ध मु0अ0सं0 697/2020 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम–1986 दिनांक 16.10.2020 को पंजीकृत हुआ था, जिनका विवरण निम्नवत है:– 1.संजय भाटी निवासी ग्राम चीती थाना दनकौर, जनपद गौतमबुद्धनगर। 2.राजेश भारद्वाज निवासी 40 शेख पेन चंपालाल की हवेली खुर्जा थाना खुर्जा नगर, जिला बुलंदशहर। 3.विजयपाल कसाना निवासी फलावदा अहमदपुर (धनुपुर) थाना फलावदा, जिला मेरठ। 4.हरीश कुमार निवासी न्यू डिफेंस कालोनी फेस वन प्रागपुर, जालंधर, पंजाब। 5.विनोद कुमार निवासी मकान नंबर 3707 कल्याण सिंह होली चौक ढिकोली थाना मवाना, जिला मेरठ। 6.संजय गोयल निवासी मकान नंबर 8 अप्पू एनक्लेव रुड़की रोड पल्लवपुरम थाना मोदीपुरम, जिला मेरठ।

# सदरपुर थानाध्यक्ष अमित सिंह भदोरिया की पत्रकारों के साथ तानाशाही

अवध की आवाज

सीतापुर। तहसील महमूदाबाद अंतर्गत सदरपुर थाना क्षेत्र क जहाँगीराबाद से खुरवल गांव गई बारात में मारपीट के चलते , बारात का हिस्सा बने जहाँगीराबाद पत्रकार संघ राकेश कुमार नंद व सन्तोष कुमार वर्मा से हुई तीखी झड़प हो गयी। पत्रकार बताते ही थानाध्यक्ष सदरपुर अमित सिंह भदोरिया आग बबूला हो गए। मारपीट में घायल हुए जहाँगीराबाद के लोगो को ही थानाध्यक्ष अमित सिंह भदोरिया ने थाने पर बिठा लिया। जिन लोगो ने हमला किया उनसे पूछताछ भी नही की। सदरपुर थानाध्यक्ष ने जो घायल होकर न्याय की उम्मीद में थाने गए थे वही दोषी हो गए। उसमें पत्रकार संतोष कुमार वर्मा को भी थानाध्यक्ष का कोप भाजन होना पड़ा। थाने पर यह कहते हुये बिठा लिया गया कि थाने के अंदर वीडियो क्यो बनाया। हमसे पूछ के कवरेज करना था।यह है पत्रकार संतोष कुमार वर्मा का दोष। पत्रकार साथियों आग्रह है इसका आज विरोध न हुआ तो कल कोई और पुलिस की इस तानाशाही का शिकार होना पड़ेगा। उपजिलाधिकारी विसवां अनुपम मिश्रा के यहां इस तानाशाही के विरोध मे दिनांक 25/6/21 समय प्रातः10.00बजे सभी पत्रकार इकट्ठा होकर उप जिला अधिकारी बिशवा अनुपम मिश्रा को एक ज्ञापन दिया। जिसमें सभी पत्रकार गण अपनी बात को कही तथा बिसवा से सभी पत्रकार वापस आकर के सदरपुर थाने के सामने धरना पर बैठ गए। जिसकी जानकारी क्षेत्र अधिकारी रविशंकर प्रसाद को हुई। सूचना पाते ही थाने पर आ पहुंचे।

# सपा अल्पसंख्यक सभा ने पीड़ित परिवार को दिया मदद की धनराशि

मोहम्मद खालिद

अवध की आवाज

खोड़ारे गोंडा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार व जिला अध्यक्ष आनंद स्वरूप पप्पू यादव के निर्देश के क्रम में समाजवादी पार्टी के अल्प संख्यक सभा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद अफजल खान ने अपने पदाधिकारियों के साथ हाल ही में हुई गैस सिलेंडर के फटने से दुर्घटना ग्रस्त पीड़ित परिवार इमरान अली पुत्र रमजान अली रघुराज नगर टिकरी तहसील तरबगंज थाना वजीरगंज गोंडा को घ25000 आर्थिक सहायता प्रदान किया गया तथा पीड़ित परिवार से मिलकर उनका हाल–चाल पूछा व पार्टी के तरफ से हर प्रकार के मदद का भरोसा भी दिया गया। सहायता राशि प्रदान करते समय पार्टी के निम्न पदाधिाकारियों में –जिला महासचिव निजाम अहमद, जिला उपाध्यक्ष मकबूल अंसारी जिला सचिव मुजीब खान, विधानसभा अध्यक्ष मनकापुर अफजाल उस्मानी,नगर अध्यक्ष शरीफ रइनी,विधानसभा अध्यक्ष महनौन वसी उर रहमान ,तरबगंज विधानसभा अध्यक्ष गुलाम हुसैन, खुर्शीद भाई, जिला सचिव मोवसलीम (सभासद), नगर अध्यक्ष गोंडा मोहम्मद इसराइल, रईस खान,अफजल हुसैन,मौजूद रहे!



# समाज सेविका सौम्या पांडेय ने मास्क और सैनिटाइजर वितरित कर लोगो को किया जागरूक

मोहम्मद खालिद अवध की आवाज

खोड़ारे गोण्डा। घारी घाट ग्रामसभा के अंतर्गत मजरा मोथाहिया में समाज वादी कार्यकर्ती श्रीमती सौम्या पांडेय ने अपने टीम के साथ पहुँच कर सैकड़ो की संख्या में मास्क और सैनिटाइजर का वितरण करवाया ,और कोरोना जैसी घातक विमारी से बचाव के भी उपाय बताए, लोगो को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया और लोगो को टीकाकरण के महत्व के बारे में अवगत कराया, उन्होंने कहा कि हर ब्यक्ति को टीकाकरण अवश्य कराना चाहिए ,टीकाकरण के द्वारा ही इस घातक विमारी से बचा जा सकता है, इसी क्रम में वो ग्राम सभा विभिन्न महिलाओं से मिलकर बात किया और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों के पढ़ाई में हर संभव मदद देने का आश्वाशन दिया ।उन्होंने बताया कि पिछड़े और गरीब लोगो और जागरूक करने की जरूरत है , मैं इस तरह ऐसे गांवो का चुनाव कर लोगो को जागरूक करूँगी और लोगो को कोरोना से रोकथाम हेतु उपयोगी किट वितरित करूँगी,इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से डॉ आर के पांडेय,डॉ शिवम निषाद,जोखू निषाद,अशोक निषाद, वंदना, गीता,र ाहुल पांडेय, मनोज कुमार, सब्बू खान , रामजीत निषाद , आदि लोग मौजूद रहे।



# समाजवादी पार्टी द्वारा जनपद लखनऊ से घोषित जिला पंचायत अध्यक्ष पद प्रत्याशी श्रीमती विजय लक्ष्मी ने नामांकन किया

अवध की आवाज

लखनऊ। समाजवादी पार्टी द्वारा जनपद लखनऊ से घोषित जिला पंचायत अध्यक्ष पद प्रत्याशी श्रीमती विजय लक्ष्मी का नामांकन जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान एवं विधायक अम्ब्रीष सिंह पुष्कर के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट में किया गया। दोपहर करीब 12:00 बजे पार्टी के जिला कार्यालय 6 लाजपत राय भवन, कैसरबाग, लखनऊ से पार्टी कार्यकर्ता भारी संख्या में नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। पार्टी कार्यकर्ताओं में नामांकन के दौरान बहुत उत्साह था। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रमेश सिंह रवि ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम दी । नामांकन के दौरान पूर्व सांसद सुशीला सरोज, पूर्व मंत्री आर0के0 चौधरी, पूर्व रविदास मेहरोत्रा, लखनऊ बार एसोसिएषन महामंत्री जितेन्द्र यादव 'जीतू', पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सी0एल0 वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मु0सिंह यूथ ब्रिगेड अनीस राजा, पूर्व प्रत्याशी अनुराग यादव, पूर्व विधायक गोमती यादव, इन्दल रावत, निर्मल सिंह, अमर पाल सिंह, के0पी0 सिंह 'एडवोकेट' श्रवण कुमार, रमेष राही, पूर्व एमएलसी प्रदीप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शिवशंकर सिंह 'शंकरी', राजबाला रावत, पूर्व प्रदेश सचिव दिनेश सिंह, विजय सिंह यादव, वीर बहादुर सिंह, महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, महानगर महासचिव सौरभ सिंह यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष मुजीबुर्रहमान बबलू, मुकेश शुक्ला, मधुलिका यादव 'एडवोकेट', सिकन्दर यादव, पूर्व जिला महासचिव राशिद अली, टी0बी0 सिंह, महताब सिंह यादव, मान सिंह वर्मा, अनिल पासी, नवनीत सिंह, महेष सिंह लोधी, विनय दीक्षित, वरिष्ठ नेता मनोज यादव, सुशील यादव 'गुड्डू', सुभाष यादव 'एडवोकेट' चौधरी ज्ञान सिंह, जिला सचिव इब्राहीम मंसूरी, बृजेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी रमेश सिंह 'रवि', पूर्व ब्लाक प्रमुख शहजाद अहमद, रियाज अहमद, इरशाद अहमद 'गुड्डू', विधानसभा अध्यक्ष विदेश पाल यादव, चन्द्रशेखर यादव, वीरेन्द्र प्रताप यादव, उमेश वर्मा, चेयरमेन एन0 इशरत बेग, अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष अंजनी प्रकाश यादव एवं महासचिव सिद्धार्थ आनन्द, रंजीत रावत, नंद किशोर यादव,महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव, यूथ जिलाध्यक्ष शशिलेन्द्र यादव, अखिलेश सक्सेना, सालिम काकोरी, भरत वाधवानी एवं यादव, मनोज पाल, राजकुमार यादव 'गुड्डन', उमेश यादव, अजय प्रताप यादव 'बिन्नू', रामप्रकाश यादव, मो0 अकरम, शिवम यादव 'गोलू', पार्षद प्रतिनिधि लल्लू यादव एवं शिवकुमार टाइगर, एडवोकेट फरहाना सिद्दीकी, सुहेल सिद्दीकी एवं फरहान सिद्दीकी, कामिनी पटेल, सुधा यादव, अजरा मुस्ताक, सुमन यादव, मंजू यादव, सुहागवती, पूजा शुक्ला उमा मिश्रा, एवं जेबा यासमीन के साथ हजारों की संख्या समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।





पुलिस अधीक्षक आनंद कुलकर्णी के निर्देशानुसार जनपद उन्नाव में पशुपालनध ईंट भठ्टों में काम करने वाली महिलाओं व लड़कियों एवं स्कूलध्कॉलेज छोड़ चुकी बच्चियोंध्लड़कियों व नगरीयध्ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं ध महिलाओं को जागरुक करने हेतु मिशन शक्ति के तहत 07 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा।

# कोतवाली निघासन कोतवाल दिलेश कुमार सिंह ने मिशन शक्ति" अभियान के तहत जागरुकता व आत्मरक्षा से संबंधित कार्यक्रम का किया आयोजन




निघासन(खीरी)। पुलिस अधीक्षक खीरी विजय ढुल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी के समस्त थानों में पशुपालनध् ईंट भठ्टों में काम करने वाली महिलाओं व लड़कियों एवं स्कूलध्कॉलेज छोड़ चुकी बच्चियोंध्लड़कियों व नगरीयध्ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओंध्महिलाओं को जागरुक करने हेतु मिशन शक्ति के तहत 07 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद के समस्त थानों में पुलिस द्वारा "मिशन शक्ति" अभियान के तहत जागरुकता व आत्मरक्षा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद के समस्त थानों की एन्टी रोमियो स्क्वाडध् शक्ति मोबाइल द्वारा विभिन्न ग्रामोंध् मोहल्लों तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानोंध्पशुपालन इकाईयोंध् ईंट भठ्टों में जाकर उपस्थित महिलाओंध् बालिकाओं को जागरूक करते हुए आपात पुलिस सेवाओं के संबन्ध में जानकारी दी गई एवं आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों 112, 1090, 102, 108, 181, 1076, 1098 आदि को बिना संकोच प्रयोग हेतु अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त सभी को महिला संबन्धी विभिन्न कानूनों जैसे तीन तलाक, धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम, पॉक्सों एक्ट व छेड़छाड़ आदि से संबन्धित धाराओं ध कानूनों से अवगत कराया गया।साथ ही थानों पर बनी महिला हेल्प डेस्क की उपयोगिता एवं डेस्क पर नियुक्त महिला आरक्षियों के नियुक्त रहने से आने वाली शिकायतकर्ताओंध् पीड़िताओं की निजता का ध्यान रखते हुए समस्याओं के निराकरण कराये जाने के संबन्ध में भी जानकारी दी गई।

# समस्या से निजात पाने के चक्कर में नशा अपनाना घातक - सीएमओ

## नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर संगोष्ठी

अवध की आवाज

लखनऊ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में शनिवार को "नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस" पर जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संगोष्ठी आयोजित हुई। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय भटनागर ने कहा – कोरोना काल में बहुत से लोगों का काम – धंधा बंद रहा, काफी समय तक लोग घरों में ही रहे। इन सब चीजों का लोगों पर असर पड़ना स्वाभाविक है। इस कारण कुछ लोग चिंता और अवसाद से भी ग्रसित हुए हैं। इन समस्याओं से निजात पाने के चक्कर में वह अनजाने में नशीले पदार्थों का सेवन करने लगे हैं जबकि यह समस्या का समाधान नहीं है द्य ऐसे में उन्हें चिकित्सकों से सलाह लेनी चाहिए। ध्यान व योग करके वह मानसिक समस्याओं पर काबू पा सकते हैं। जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. आर.के.चौधरी ने जनपद में चलाए जा रहे जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम लखनऊ के बारे में विस्तार




से बताया। इस मौके पर बलरामपुर चिकित्सालय के मनोचिकित्सक डॉ0 देवाशीष शुक्ला ने नशीले पदार्थों से होने वाले शारीरिक और मानसिक समस्याओं और उनके उपचार के विषय में बताया। जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के मनोचिकित्सक डॉ0 अभय सिंह ने नशा करने के कारणों तथा उनसे बचने के उपायों के बारे मे बताया। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम लखनऊ की साईकोलॉजिस्ट डॉ0 रजनीगंधा ने तम्बाकू से होने वाले रोगों तथा उनको छोड़ने के उपायों के बारे में बताया। इस मौके पर नशीले पदार्थों जैसे शराब, चरस, गांजा , अफीम, ड्रग तंबाकू इत्यादि का सेवन न करने की शपथ दिलाई। इसके साथ ही हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारियों ध्कर्मचरियों द्वारा बैनर पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम लखनऊ की टीम के मानसिक स्वास्थ्य सामाजिक कार्यकर्ता रवि द्विवेदी, निगरानी मूल्यांकन अधिकारी श्रवण कुमार, आदेश पांडे, संजय कुमार, सन्तोष कुमार पाल, सैय्यद कल्बे रजा सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के अधिकारीध्कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# ईएमटी व पायलट को बेहतरीन काम का मिला इनाम

अवध की आवाज

लखीमपुर। गर्भवती को प्रसव के लिए समय से स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने के लिए जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 102 एम्बुलेंस की व्यवस्था की गयी है। यह एम्बुलेंस गर्भवती के लिए वरदान साबित हुई है। इस सेवा का लाभ समय से और बेहतरीन तरीके से पहुंचाने में अहम् भूमिका निभाने वाले नकहा ब्लाक के इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) पीयूष कुमार व विजय और पायलट सुनील व विजय को कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण द्विवेदी और लोकेशन मैनेजर संजय पांडे ने शनिवार को पुरस्कृत किया। प्रवीण ने बताया– इन एम्बुलेंस कर्मियों ने एक माह में 318 गर्भवती को समय से अस्पताल पहुंचाकर सुरक्षित प्रसव कराने में अहम भूमिका निभायी है। इन एम्बुलेंस कर्मियों द्वारा आपात स्थिति में एम्बुलेंस में ही सात प्रसव करवाए गए । ईएमटी और पायलट की सूझबूझ से सभी प्रसव सुरक्षित



हुए और जच्चा व बच्चा दोनों ही स्वस्थ हैं। गर्भवती को समय से अगर अस्पताल न पहुंचाया जाए तो किसी भी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। ईएमटी पीयूष का कहना है–दृ हमें आपात परिस्थितियों में एम्बुलेंस में प्रसव कराने आदि के लिए गहन प्रशिक्षण दिया जाता है। हम पायलट के सहयोग से सुरक्षति प्रसव कराते हैं। गर्भवती को कभी – कभी ज्यादा दिक्कत होती है तो ऐसे में हमें उसे एम्बुलेंस में ही प्राथमिक उपचार देना पड़ता है, जिसके लिए हमें मोबाइल पर अपने वरिष्ठ अधिकारियों से सलाह मिलती रहती है। हमारे लिए दिन और रात सभी बराबर होते हैं क्योंकि कभी हमारी ड्यूटी दिन में लगती है और कभी रात में। हमें हमेशा अलर्ट रहना पड़ता है। हमारा एक ही लक्ष्य होता है कि गर्भवती समय से अस्पताल पहुँच जाये और सुरक्षति प्रसव हो। हमारा यही प्रयास है कि हम अपने काम को और बेहतर ढंग से करें। पालयट सुनील का कहना है दृ हमारे काम में समय का बहुत महत्व होता है। कंट्रोल रूम से हमें निर्देश मिलने के 15 मिनट के अन्दर गर्भवती के घर तक पहुंचना होता है। गर्भवती को उसके घर से सुरक्षित स्वास्थ्य केंद्र तक पहुँचाना ही हमारा उद्देश्य होता है। इसके बाद यदि हमें दूसरा केस दिया जाता है तो 15 मिनट के अंदर फिर वहां पहुंचना होता है। कभी कभी घर का पता नहीं मिलने पर मोबाइल एप में हमें गाँव की लोकेशन का पता चलता है जिसके माध्यम से हम गर्भवती तक पहुँच जाते हैं द्य हमें आज यह सम्मान मिला तो हमें खुशी हुयी।

# फर्जी डिग्री दिखाकर नौकरी लेने के मामले में 32 सहायक अध्यापकों के खिलाफ मामला दर्ज

अवध की आवाज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में कथित तौर पर फर्जी डिग्री दिखाकर नौकरी लेने के मामले में 32 सहायक अध्यापकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी.एसआईटी जांच में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के शैक्षणिक सत्र 2004–05 की इनकी डिग्री फर्जी पाई गई। इस जांच में मथुरा जनपद के उन शिक्षकों के नाम भी शामिल थे। जिनकी बीएड डिग्री को एसआईटी ने फर्जी या फिर छेड़छाड़ वाली सूची में शामिल किया था। विभागीय आदेश मिलने के बाद जनपद स्तर पर ऐसे शिक्षकों की पहचान करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सेवा समाप्ति की कार्रवाई की थी। इनके खिलाफ मामला दर्ज कराया था. कुछ शिक्षक न्यायालय की शरण में भी गए थे। अब एक बार फिर विभागीय स्तर पर जनपद में 32 सहायक अध्यापकों के खिलाफ फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर नौकरी पाने का मामला दर्ज हुआ है।



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए किया नमन ।

# गोण्डा के गौरा विधानसभा के साढ़े चार साल बेमिसाल पर गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा

अवध की आवाज ब्यूरो

खोड़ारे गोण्डा। गौरा विधानसभा के विकास पुरुष के नाम से कहे जाने वाले विधायक प्रभात कुमार वर्मा जी का साढ़े चार साल पूरे होने



पर विधायक ने विधानसभा में उनके द्वारा साढ़े चार साल में किये गए विकास कार्य जिसमे विजली पानी सड़क स्वास्थ्य ,परिवहन सम्बन्धी जानकारी लिया गया तथा विधायक गौरा ने बताए की हमारे द्वारा अपने साढ़े चार साल में सड़क विजली पानी स्वास्थ्य परिवहन सम्बन्धी विकास कार्य का जानकारी साझा करते हुए कहा कि हमारे द्वारा आजादी से लेकर सब सुविधाओ से वंचित रह रहे वनटागिया के लोगो को माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा आकर सभी योजनाओं के द्वारा आवास विजली स्वास्थ्य शिक्षा सहित अनेक प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराई गयी है आज वो लोग भी अपना सुखमय जीवन यापन कर रहे है घारीघाट में डाक बंगला तथा महिला डिग्री कालेज का जल्द ही उपमुख्यमंत्री जी के द्वारा लोकार्पण हो जाएगा चारो तरफ विकास ही विकास हो रहा है जो भी अधूरा कार्य पड़ा है उसको भी पूरा किया जाएगा ।विधायक जी जब घर पर रहते है तो घर पर ज्यादा से ज्यादा समय जनता की समस्या को सुनने और क्षेत्र भर्मण पर देते है योजनाओं की चल रहे कार्यो की परख स्वयम जाकर करते है और गलत कार्य का विरोध भी करते है । पेशे से लोकप्रिय विधायक प्रभात कुमार वर्मा अच्छे एडवोकेट भी है उनका मानना है कि हम जनता का सेवक बन कर जनता की सेवा के लिये हमेसा प्रयास रत रहुगा जनता की सेवा करना ही हमारा परम् कर्तव्य है ।

# अवैध तमंचा समेत वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



अवध की आवाज ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी विजय ढुल द्वारा जनपद में चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति व वांछित/ वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी निघासन के कुशल मार्गदर्शन में रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना निघासन अंतर्गत चौकी झंडी पुलिस द्वारा अभियुक्त रामगोपाल पुत्र नन्दराम निवासी ग्राम दुर्गापुरवा मजरा लुधौरी कोतवाली निघासन जनपद खीरी को ग्राम मझलीपुरवा तिराहा से समय रात्रि 01:30 बजे गिरफ्तार किया गया है। जिसकी जामा तलाशी से 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। अभियुक्त रामगोपाल के विरूद्ध अन्तर्गत धारा 3/ 25 आयुध अधिनियम अभियोग पंजीकृत किया गया है अभियुक्त रामगोपाल पूर्व से कोतवाली निघासन में पंजीकृत मु0अ0सं0 306/2021 धारा 2(ख)(1)/ 3 उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट में वांछित भी है। अतरू अभियुक्त रामगोपाल के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।



अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। 26.06.2021 को पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर उन्नाव में जिला पंचायत अध्यक्ष पद हेतु जारी नामांकन की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न बैरियर एवं प्वाइंटस पर लगे पुलिसकर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव,क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी बीघापुर, क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ, क्षेत्राधिकारी सफीपुर उपस्थित रही।



अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। अरुण सिंह ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन पर्चा दाखिल किया समर्थको में ध्सदर विधायक पंकज गुप्ता के छोटे भाई युवा भाजपा नेता नीरज गुप्ता प्रखर गुप्ता हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री व प्रभारी विमल द्विवेदी के अलावा अन्य भाजपा नेता गण मौजूद रहे।



अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी मालती रावत के समर्थक में पहुंची पूर्व सांसद अन्नू टंडन,पूर्व विधायक उदय राज यादव,पूर्व विधायक व पूर्व राज्यमंत्री सुधीर कुमार रावत ,के साथ जनपद के सभी अन्य सपाई नेता मौजूद रहे।

# दलितों पर टूटा दबंगो का कहर, पुलिस भी दबंगो के साथ।

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। एक तरफ जहां योगी सरकार अपने आप को दलितों का हितैषी बता रही है वहीं दूसरी तरफ दलितों पर दबंगो का कहर टूट रहा है। दबंगो पर कार्यवाही करने के बजाय उल्टा दलितों को थाने में बंद किया जा रहा है। दलित पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक के दरबार मे पहुंचकर



न्याय की गुहार लगाई है। मामला थाना कौड़िया के ग्राम धर्मपुर का है जहां दबंगो द्वारा दलितों की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। थानाध्यक्ष पर आरोप लगा है कि शिकायत लेकर गए दलित युवक को गाली देकर हवालात में बंद कर दिया। पीड़िता रेशमा देवी पत्नी राजू निवासी धर्मपुर थाना कौड़िया ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश होकर दबंगो के विरुद्ध कार्यवाही व प्रकरण में न्याय हेतु गुहार लगाई है। शिकायती पत्र में कहा है कि दिनांक 24.6.2021 की शाम लगभग चार बजे पीड़िता के पति राजू पुत्र श्यामलाल अपने सहन पर जलौनी की लकड़ी रख रहे थे। उसी वक्त लल्ला सिंह उर्फ जसवन्त सिंह, अजय सिंह पुत्रगण नरेश सिंह, बब्लू सिंह पुत्र जागेश्वर सिंह व रोहित सिंह पुत्र छेदन सिंह निवासीगण गोपालजोत मौजा धर्मपुर थाना कौड़िया लाठी डंडों से लैश एक राय होकर जातिसूचक गाली गलौज देते हुए हमलावर हो गए। अपने आपको पिटता देख पीड़िता का पति राजू किसी तरह अपने घर मे घुस गया। कानून को अपनी जागीर समझने वाले बेखौफ दबंग भी घर मे घुस कर राजू को मारने लगे। पति की पिटता देख पत्नी जब अपने पति को बचाने आई तो दबंगो ने उसे भी पीटा ।सुमन नामक महिला को भी दबंगो ने बाल पकड़कर पटक दिया। हल्ला गुहार पर जब पड़ोस के अमरेश पुत्र रामलाल व हरिश्चंद्र पुत्र मनोरथ बीच बचाव करने आए तो उन्हें भी मारा गया। किसी तरह मामला शांत होने के बाद जब चोटहिल दलित पक्ष राजू,अमरेश व हरिश्चंद्र शिकायत लेकर थाना कौड़िया पहुंचे तो थानाध्यक्ष महोदय उल्टा दलितों को गाली देते हुए हवालात में बंद कर दिया।

पेज 1 का शेष

7.विशाल कुमार निवासी मकान नंबर 903 वार्ड 6 मोहल्ला हीरालाल कस्बा व थाना मवाना, जिला मेरठ। 8.राजेश सिंह यादव निवासी मकान नंबर 5ध्47 फौजी वाली गली रामा मंडी नियर शिव मॉडल स्कूल, जालंधर, पंजाब। 9.पुष्पेंद्र सिंह निवासी मकान नंबर 399 खाद मोहन नगर थाना स्याना, जिला बुलंदशहर। 10.विनोद कुमार निवासी 56 जटवाड़ा, झज्जर, हरियाणा। 11.आदेश भाटी निवासी ग्राम चीती थाना दनकौर, जिला गौतमबुद्धनगर। 12.सचिन भाटी निवासी ग्राम चीती थाना दनकौर, जिला गौतमबुद्धनगर। 13.करण पाल निवासी एफ 83 गंगासागर डिफेंस कॉलोनी थाना गंगानगर, जिला मेरठ। 14.सुनील कुमार निवासी 91 गिरधरपुर नवादा, बुलंदशहर। 15.पवन भाटी निवासी ग्राम चीती थाना दनकौर, जिला गौतमबुद्धनगर। विवेचना के दौरान उक्त अपराधियों के द्वारा अपराध से अर्जित कुल 3,74,92,000 रूपये की सम्पत्ति को धारा 14(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम–1986 के अन्तर्गत कुर्क किया गया था। उपरोक्त अपराधियों के अतिरिक्त विवेचना के दौरान अन्य 11 अपराधियों के विरूद्ध साक्ष्य संकलन कर आरोप पत्र प्रेषित किये गये तथा इनके क्रियाकलापो को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 26.06. 2021 को थाना दादरी पर मु0अ0सं0 558/2021 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम–1986 पंजीकृत कराया गया है। अभियुक्तगण का विवरण निम्नवत है:– 1.ललित कुमार निवासी सैदीपुर थाना मवाना, मेरठ। 2.वी0के0 शर्मा उर्फ विजय कुमार शर्मा निवासी सेक्टर–100 थाना सेक्टर–39, नोएडा। 3.दिनेश पाण्डे निवासी 21/102 सेक्टर–36, नोएडा। 4.सतेन्द्र सिंह भसीन उर्फ मोन्टू निवासी डी–24 राजोरी गार्डन, नई दिल्ली। 5.रविन्द्र निवासी 7ए छालीवाल एन्कलेव आधेवाली जालन्धर, पंजाब। 6.रेखा निवासी 7ए छालीवाल एन्कलेव आधेवाली जालन्धर, पंजाब। 7.तरूण शर्मा निवासी निर्माण विहार, लक्ष्मीनगर, दिल्ली। 8.विदेश भाटी निवासी ग्राम चीती थाना दनकौर, गौतमबुद्ध नगर। 9.बद्रीनारायण तिवारी निवासी 3/153 विवेक खण्ड थाना गोमतीनगर, लखनऊ। 10.मनोज कुमार त्यागी निवासी टीचर्स कालौनीधरितू कलेक्शन थाना पिलखुआ, हापुड। 11.अनिल शाह निवासी एन–101 मुंशीलाल बिल्डिंग कनॉट सर्कस, नई दिल्ली।

# सम्पादकीय

## मुसीबत में मौत के आंकड़े

–भारत डोगरा–

कोविड–19 संकट ने एक बात तो उजागर कर ही दी है कि हमारी सरकारें महामारी तक में जरूरी आंकड़े संभाल नहीं पातीं। सरकारी और श्मशान–कब्रिस्तान से जुटाए गए मौत के आंकड़ों में जमीन–आसमान का अंतर इसकी एक बानगी है। इलाज के किसी भी ताने–बाने के लिए जरूरी प्रभावितों के आंकड़े आखिर जिम्मेदारी से क्यों नहीं रखे जा रहे? इस सामान्य सी जानकारी को संधारित करने में कौनसा पहाड़ ढकेलना पड़ रहा है? इस मसले की पड़ताल करना जरूरी हो गया है। हाल ही में मध्यप्रदेश व आंध्रप्रदेश के सिविल रजिस्ट्रेशन के जो आंकड़े प्रकाशित हुए हैं, वे देश के लिए गहरी चिंता का विषय हैं। इनके अनुसार मई में कुल रजिस्टर हुई मौतों में इन दो राज्यों में सामान्य वर्ष की अपेक्षा लगभग 4 से 5 गुणा की वृद्धि हुई। यदि सामान्य वर्ष में मई महीने में लगभग 32000 मौतें दर्ज होती हैं तो वर्ष 2021 में लगभग 160000 मौतें दर्ज हुईं। यह अभूतपूर्व है, पर यह जरूरी नहीं कि इतनी वृद्धि सभी राज्यों में हुई हो।

तमिलनाडु से वृद्धि के जो आंकड़े मिले हैं, वे अपेक्षाकृत इससे कम हैं, हालांकि चिंताजनक तो वे भी हैं। कुल मिलाकर संकेत यह है कि मार्च में मृत्यु–दर में अधिक तेजी आनी आरंभ हुई जो कि मई में अपने चरम पर पहुंच गई। एक सामान्य दिन में भारत में एक दिन में सभी कारणों से लगभग 26000 मौतें होती हैं। यानी एक महीने में लगभग 800000 मौतें होती हैं। यदि एक महीने के लिए देश में मौतें तीन गुणा हो जाएं तो लगभग 24 लाख मौतें एक महीने में होंगी, जिनमें से 8 लाख मौतें सामान्य होंगी व 16 लाख मौतें अतिरिक्त मानी जाएंगी (एक्सेस मोर्टालिटी)। यदि ऐसी स्थिति दो महीने रहती है तो अतिरिक्त मौतें 32 लाख मानी जाएंगी। यह सब बहुत गहरी चिंता का विषय है। वैसे अभी बढ़ी मृत्यु–दर के सरकारी आंकड़े उपलब्ध नहीं हुए हैं, पर फिर भी जो जानकारी व्यापक स्तर पर चर्चा में है, उसने देश के सभी शुभचिंतकों को गहरी चिंता में डाल दिया है। इस तेजी से बढ़ी मृत्यु–दर के क्या कारण हो सकते हैं, इस बारे में सभी संभावनाओं पर विचार करना आवश्यक है। यह होगा, तभी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पहली संभावना जो विश्व–स्तर पर चर्चा में है, कोविड–19 का वायरस सामान्य प्राकृतिक कारणों से फैला वायरस है ही नहीं। वह प्रयोगशाला से लीक हुआ वायरस है जिसे जेनेटिक ढंग से संवर्धित किया गया है। यह 'गेन ऑफ फंक्शन' अनुसंधान के अंतर्गत किया गया है जिसमें विशेष तौर पर वायरस की मनुष्य को प्रतिकूल प्रभावित करने की क्षमता को बढ़ाया जाता है। इसकी वजह यह बताई जाती है कि इससे किसी भावी संभावित महामारी का सामना करने में मदद मिलेगी। अनेक वरिष्ठ वैज्ञानिक ऐसे अनुसंधान को रोकने की मांग कर चुके हैं, पर वुहान (चीन) में यह अनुसंधान चल रहा था और वह भी अमरीका के पैसे से। अब यदि यह जेनेटिक संवर्धित वैक्सीन लीक हो गया है तो यह कैसा व्यवहार करेगा, इसके कैसे रूपांतर (म्यूटेशन) होंगे, क्या इलाज और वैक्सीन होगा, यह कहना कठिन है।

अतः पहली संभावना तो यह है कि कोविड–19 का वायरस इतने खतरनाक रूप में सामने आया कि इस कारण मृत्यु–दर अस्थाई तौर पर बहुत बढ़ गई। दूसरी संभावना यह है कि पिछले दस से अधिक वर्षों से जो गैर–बराबरी, बेरोजगारी, आय व आजीविका में गिरावट, अनिश्चय, मानसिक तनाव, बढ़ती भूख व कुपोषण की स्थिति चल रही है, उससे बड़ी संख्या में लोग बहुत कमजोर हो गए हैं व उनकी बीमारी को सहने की क्षमता बहुत कम हो गई है। मानसिक तनाव, अवसाद, अनिश्चय का उनकी प्रतिरोधक क्षमता पर प्रतिकूल असर पड़ा है। तीसरी संभावना यह है कि एक स्वास्थ्य व्यवस्था (जो पहले ही कमजोर थी) के कोविड–केंद्रित हो जाने व लॉकडाउन के कारण अनेक अन्य गंभीर बीमारियों, स्वास्थ्य समस्याओं, घावों का समुचित व समय पर इलाज नहीं हो पा रहा है और यह बढ़ी हुई मृत्यु–दर के रूप में अभिव्यक्त हो रहा है। इसी तरह प्रसवध्मैटरनिटी संबंधी देखरेख व सुरक्षा में कमी हुई है। चौथी संभावना यह है कि अनेक स्थानों पर कोविड–19 के इलाज की समय पर व्यवस्था न हो सकी। जरूरी साजो–सामान व दवा की कमी रही। साथ में कुछ दवाओं व पद्धतियों के अनुचित उपयोग की अनेक शिकायतें रहीं। वैक्सीन से जुड़ी जल्दबाजी में कुछ संभावित खतरों, जैसे एडीई (एन्टीबॉडी डिपेंडेंट इनहेंसमेंट) पर समुचित ध्यान नहीं दिया जा सका। फिलिपीन्स में डेंगू वैक्सीन से इसी कारण अनेक मौतें बहुत बड़ा मुद्दा बन चुकी हैं। इन सभी विषयों पर निष्पक्षता से ध्यान देते हुए इन सभी संभावनाओं को यथासंभव कम करने के पूर्ण प्रयास करने चाहिए। इसके अतिरिक्त सरकार को इस विषय पर पूर्ण पारदर्शिता अपनाते हुए मृत्यु के 'सिविल रजिस्ट्रेशन' आंकड़ों को सरकारी तौर पर जारी करना चाहिए व हर महीने जारी करते रहना चाहिए।

इससे कुल रजिस्टर हुई मौतों में वृद्धि या कमी के बारे में सरकारी स्तर पर सही स्थिति पता चलती रहेगी। इस तरह राष्ट्रीय, राज्य, शहर, पंचायत स्तर पर जो भी आंकड़े सरकार के पास उपलब्ध हैं, वे लोगों की सामान्य जानकारी में आते रहेंगे व एक सामान्य वर्ष के आंकड़ों से तुलना करते हुए अतिरिक्त मृत्यु की जानकारी भी उपलब्ध होती रहेगी। यह समुचित नीतियों के लिए बहुत जरूरी है। जरूरी जानकारियां व आंकड़े केन्द्र सरकार के पास एकत्र होती रहें व लोगों को उपलब्ध न हों तो उनका उचित लाभ नीति–निर्धारण के लिए नहीं हो सकेगा। जरूरी बात तो यह है कि ये आंकड़े पंचायत, शहर, राज्य, राष्ट्र सभी स्तरों पर उपलब्ध रहें। ऐसी पारदर्शिता अपनाने से विकेंद्रित स्तर पर लोगों को नवीनतम जानकारी मिलती रहेगी जिससे उचित सावधानियां रखने व नीतियों को अपनाने में मदद मिलेगी। सही आंकड़ों व जानकारियों को छिपाने से कुछ भी हासिल नहीं होगा, बल्कि सभी स्तरों पर कठिनाइयां ही बढ़ेंगी। सभी स्तरों पर पूर्ण प्रयास यही होना चाहिए कि इस कठिन समय में मृत्यु–दर को न्यूनतम किया जा सके व इसके लिए केन्द्र, राज्य सरकारों, विकेंद्रीकरण के संस्थानों, जन–संगठनों, पक्ष–विपक्ष के राजनीतिक दलों में आपसी सहयोग हो।

# कोरोनाः तीसरी लहर से बचने के लिए दूसरी लहर के भयावह दुष्परिणाम को याद रखें

–निर्मल रानी–

स्वास्थ्य विशेषज्ञों तथा वैज्ञानिकों द्वारा कोरोना की तीसरी लहर आने की चेतावनी बार बार जारी की जा रही है। कुछ लोगों का मत है कि अगले छः से आठ सप्ताह के मध्य तीसरी लहर का प्रकोप शुरू हो सकता है जबकि कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अक्टूबर तक कोरोना की तीसरी लहर आ सकती है। परन्तु पिछले दिनों देश के अधिकांश भागों में लॉक डाउन में मिली छूट के बाद जिस तरह बाजारों में भारी भीड़ नजर आने लगी और कोरोना का भय पूरी तरह से भूलकर जनता कोरोना संबंधी दिशा निर्देशों की अवहेलना या अनदेखी करती दिखाई दी उसे देखकर अब तो विशेषज्ञों ने यह भी कहना शुरू कर दिया कि यदि यही स्थिति रही तो कोरोना का प्रकोप तीसरी लहर के रूप में यथाशीघ्र वापस आ सकता है। गोया असावधानियाँ ही तीसरी लहर को दावत देने का सबसे बड़ा कारण बन सकती हैं। कोरोना की दूसरी लहर में भी पूरी दुनिया ने भारत की जो भयावह स्थिति देखी उससे हमारे देश व देश की सरकारों को जिस शर्मिन्दिगी का सामना करना पड़ा वह भी किसी से छुपा नहीं है। कहा जा सकता है कि पिछले दिनों देश ने ऑक्सीजन की कमी और अनगिनत जलती चिताओं के रूप में 'लघु प्रलय ' जैसा भयावह दृश्य देखा है। अब तो विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि यदि लोगों की लापरवाही का यही आलम रहा तो तीसरी लहर, दूसरी से भी भयावह हो सकती है।

विगत अप्रैल व मई माह के बीच के देश के डरावने वातावरण ने पूरे विश्व का ध्यान भारत की दयनीय स्थिति की ओर खींचा जिसके नतीजे में अन्य देशों की तो बात ही क्या करनी चीन और पाकिस्तान जैसे हमारे पड़ोसी व प्रतिस्पर्धी देशों के भी दिल पिघल गए। बावजूद इसके कि इन देशों में भी कोरोना ने अपना कहर बरपा किया हुआ था। चारों तरफ से मदद करने वाले देशों की कतार लग गयी। ईश्वर न करे ऐसे हालात देश में दुबारा पैदा हों। ऐसा लगता है कि दूसरी लहर के बेकाबू हालात से देश की केंद्र व राज्य सरकारों ने भी कुछ न कुछ सबक जरूर लिया है। यही वजह है कि केंद्र सरकार अब टीकाकरण के बड़े से बड़े अभियान भी चला रही है। राज्य सरकारों को भी टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित कर रही है तथा सामर्थ्यानुसार कोरोना रोधी टीकों(वैक्सीन) की यथासंभव आपूर्ति भी कर रही है। कोरोना वायरस की जांच में भी तेजी लाई जा रही है। इसके साथ साथ कड़े प्रतिबंध लागू करने के लिए भी राज्य सरकारों को निर्देश दिए जा रहे हैं। गत 21 जनवरी से सरकार ने 'जान है तो जहान है ' के नारों के साथ कोरोना से युद्धस्तर पर लड़ने हेतु एक विशाल अभियान की शुरुआत की। इसके अंतर्गत देश के अनेक प्रमुख सामाजिक,धार्मिक,शैक्षिक हस्तियों तथा वरिष्ठ चिकित्सकों के कोरोना से बचाव के उपायों संबंधी संदेशों को नुक्कड़ नाटकों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरीये जनता तक पहुंचाए जाने की योजना है। इसी दिन सरकारी आंकड़ों के अनुसार एक ही दिन में 84 लाख लोगों को टीकाकृत कर कीर्तिमान स्थापित किया गया।

देश के जिम्मेदार लोगों द्वारा बार बार देशवासियों को यह भी चेताया जा रहा है कि कोरोना की दूसरी लहर अपना रौद्र रूप दिखाने के बाद कमजोर जरूर पड़ी है परन्तु इसका यह अर्थ कतई नहीं निकालना चाहिए कि कोरोना भारत या संसार से विदा हो चला है। संभावित तीसरी लहर से जुड़ी सबसे अधिक चिंता पैदा करने वाली खबर तो यह है कि इसका दुष्प्रभाव बच्चों पर भी पड़ेगा। और इससे भी अधिक चिंतनीय विषय यह है कि विशेषज्ञों के मुताबिक कोरोना अपने वैरिएंट में बदलाव करता रहता है जिसकी वजह से अनेक लोग उन वैक्सीन की सार्थकता को लेकर भी चिंतित हैं जो कोरोना के गत वर्ष के प्रथम वैरिएंट के आधार पर निर्मित किये गए हैं। गोया प्रत्येक दशा में कोरोना से बचाव का एक ही सर्वोत्तम मार्ग सुझाई देता है,और वह है अपनी रक्षा स्वयं करना। कुछ इस अंदाज से जैसे हमारे देश में सरकार चोर उचक्कों से सुरक्षा की गारण्टी लेने के बजाय उस नारे पर ज्यादा विश्वास करती है जो प्रायः बसों में लिखा दिखाई देता है कि –'सवारी अपने सामान की स्वयं जिम्मेदार है '। और अपना बचाव करने को प्रोत्साहित करने वाला भारतीय रेल का यह मूल वाक्य कि –'सावधानी हटी–दुर्घटना घटी '।

परन्तु पिछले दिनों कोरोना की दूसरी लहर के मद्धिम पड़ने के बाद बाजारों में उमड़ी भीड़ से लेकर धार्मिक आयोजनों तक में नजर आने वाली लोगों की बड़ी तादाद फिलहाल हमें यही सोचने के लिए मजबूर कर रही है कि इतनी बड़ी बर्बादी व प्रलयकारी परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद शायद अभी भी हमने कोई सबक नहीं सीखा है। कुंभ जैसा धार्मिक आयोजन जिस बेफिक्री व निडरता के साथ धार्मावलंबियों द्वारा मनाया गया और अभी तक वह आयोजन तथा उस दौरान बरती गयी कोरोना जाँच संबंधी लापरवाहियां भी विवेचनाधीन हैं। परन्तु गत दिनों गंगा किनारे लगभग पूरे देश में गंगा दशहरा के अवसर पर फिर से लाखों की भीड़ बेखौफ होकर इकठ्ठा हुई। मास्क लगाने जैसी कोरोना बचाव संबंधी गाइड लाइन को तो लोगों ने मजाक समझ लिया है। शारीरिक दूरी बनाये रखने जैसी सावधानी बरतना तो गोया लोग जानते ही नहीं। टीकाकरण को लेकर अभी भी लोगों को जागरूक करने की जरुरत पड़ रही है। टीकाकरण का विरोध करने वालों के द्वारा तरह तरह के दकियानूसी तर्क दिए जा रहे हैं जो टीका करण अभियान को बाधित कर रहे हैं। इसी बीच एलोपैथी बनाम आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के बीच कुछ व्यवसायी मानसिकता के लोगों ने जंग छेड़ कर आम लोगों को भ्रमित करने का भी प्रयास किया।

हमारे देश के स्वार्थी व सत्ताभोगी राजनेता भी अपनी चुनावी आवश्यकताओं को कोरोना बचाव संबंधी गाइड लाइन का पालन करने से भी ज्यादा अहमियत देते हैं। यानि उनके लिए जनता की जान से भी ज्यादा सत्ता जरूरी है। यूँ ही नहीं अदालतों ने कोरोना से हुई मौतों को 'नरसंहार ' का नाम दिया था। इन हालात में देश के लोगों को केवल यही नहीं याद रखना है कि किस तरह से लोगों की मौतें हुईं और कैसे शमशान में चिताओं के जलने के लिए मृतकों के पार्थिव शरीरों को एक दो दिन तक अपने दाह संस्कार की कड़ी धूप में प्रतीक्षा करनी पड़ी और ऑक्सीजन के बिना कैसे लाखों लोगों ने तड़प तड़प कर अपने सगे संबंधियों की आगोश में दम तोड़ दिया। बल्कि यह भी याद रखना होगा कि आखिर ऐसे हालत क्योंकर पैदा हुए थे। नेताओं के भीड़ इकट्ठी करने के किसी भी आह्वान को नजरअंदाज करें। धार्मिक सामाजिक व पारिवारिक आयोजनों में मास्क खुद भी लगाएं और दूसरों को भी लगाने के लिए प्रोत्साहित करें। शारीरिक दूरी खुद भी बनाकर रखें और दूसरों को भी यही समझाएं। अपने हाथों को अधिक से अधिक बार धोते रहें व उन्हें सैनिटाइज करते रहें। अत्याधिक जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। कोशिश करें कि बाहर निकलने पर हाथों में दस्ताने धारण करें। सरकार के भरोसे रहने के बजाय अपनी व अपने बच्चों की रक्षा स्वयं करें और तीसरी लहर से बचने के लिए दूसरी लहर के भयावह दुष्परिणाम को जरूर याद याद रखें।

# अवैध असलहे के साथ अभियुक्तगिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। थाना फतेहपुर चौरासी, जनपद उन्नाव पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव व क्षेत्राधिकारी सपटुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 22.06.2021 को सोशल मीडिया पर वायरल वाडियो में अवैध शस्त्र के साथ दिख रहे व्यक्ति को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से अदद अवैध अद्धी देशी 12 बोर मय जिंदा कारतूस बरामद किया गया।




## कानपुर–बेकनगंज पुलिस ने बेकन गंज बाजार से शातिर महिला चोर को चोरी के सामान सहित किया गिरफ्तार

कानपुर। बेकनगंज थानाध्यक्ष नवाब अहमद के सख्त निर्देश पर थाना बेकनगंज पुलिस ने चोरी के सामान के साथ एक शातिर महिला चोर को गिरफ्तार किया है। पिछले काफी दिनों से बेकनगंज बाजार में लगातार औरतो के पर्स से पैसा और मोबाइल चोरी की घटनाएं हो रही थी जिसके चलते चौकी इंचार्ज बेकनगंज आरिफ रजा ने बड़ी सूज–बूझ के साथ बेकनगंज बाजार में चोरी करने वाली शातिर महिला चोर रजनी पत्नी रवि निवासी बारादेवी जूही राखी मंडी थाना जूही को गिरफ्तार किया है। उसके पास चोरी का माल जिसमें एक आधार कार्ड, एक एटीएम कार्ड। एक पैन कार्ड व कुछ फोटोग्राफ, एक पर्स वा 4000 रुपये बरामद किए हैं।

# पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देशानुसार मिशन शक्ति के तहत 07 दिवसीय अभियान की शुरूआत

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देशानुसार जनपद उन्नाव में पशुपालन/ ईंट भठ्टों में काम करने वाली महिलाओं व लड़कियों एवं स्कूल/कॉलेज छोड़ चुकी बच्चियां/लड़कियों व नगरीयं/ ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं/ महिलाओं को जागरुक करने हेतु /मिशन शक्ति के तहत 07 दिवसीय अभियान की शुरूआत की गई। उपरोक्त क्रम में समस्त थानों की एन्टी रोमियो स्क्वाडं/शक्ति मोबाइल द्वारा विभिन्न ग्रामों/मोहल्लों तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानोंध्पशुपालन इकाईयोंईंट भठ्टों में जाकर उपस्थित महिलाओं/ बालिकाओं को जागरूक करते हुए आपात पुलिस सेवाओं के संबन्ध में जानकारी दी गई एवं आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों 112, 1090, 102, 108, 181, 1076, 1098 आदि को बिना संकोच प्रयोग हेतु अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त सभी को महिला संबन्धी विभिन्न कानूनों जैसे ट्रिपल तलाक, धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम, पॉक्सों एक्ट व छेड़छाड़ आदि से संबन्धित धाराओं/कानूनों से अवगत कराया गया।साथ ही थानों पर बनी महिला हेल्प डेस्क की उपयोगिता एवं डेस्क पर नियुक्त महिला आरक्षियों के नियुक्त रहने से आने वाली शिकायतकर्ताओंध पीड़िताओं की निजता का ध्यान रखते हुए समस्याओं के निराकरण कराये जाने के संबन्ध में भी जानकारी दी गई।

# ग्राम प्रधान के सहयोग से ग्रामवासियों ने बनाया लकड़ी का पुल।

अवध की आवाज ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। वो कहते है कि हर किस्से की शुरुआत सुनी अनसुनी कहानियों से होती है कानों में पड़े दिल को छूते अल्फाजों से होती है सुनी तो मैंने भी थी कहानी मगर वो कहानी महज कहानी थी। हम बात करेंगे एक संघर्ष रूपी जीवन की कहानी जिसमें मजबूरी है लाचारी है मगर इन सब से ज्यादा है साहस। जी हाँ हम बात कर रहे है जनपद लखीमपुर खीरी की तहसील निघासन अंतर्गत ग्राम पंचायत बैलहा की इस पंचायत के लगभग आधा दर्जन गाँव ऐसे है जिनके पास बरसात के दिनों में रास्ता तक नही यहाँ तक बाढ़ की उफान इन गांवों वालों के घरों तक पहुँच जाती है मगर इनका साहस देखने वाला है ये इन सब मुसीबतों को झेल कर जी रहे है। चुनावी दिनों में कई खादी धारी इनके गांवों में आकर झूठ का लॉलीपॉप देकर इनकी वोटों को ठग कर ले जाते है उसके बाद 5 साल दर्शन तक नही देते। ये बेचारे हर बार अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाते हुए बेबस लाचार बन खाली हाथ खड़े रहते है। इस बार जब बाढ़ के पानी ने उफान मारी तो हर बार की तरह इस बार भी गाँव का प्रमुख रास्ता जो मिठुई गाँव से बहतिया नाले से होकर जाता है मगर बाढ़ के चलते इन दिनों इस मार्ग पर आवागमन बाधित है। जिससे गाँव वालों को काफी समस्या हो रही है और उन्ही समस्याओं को लेकर गाँव वाले अपने नवागत प्रधान हाजी रफीक अहमद के पास पहुँचे और अपना दुखड़ा उनसे कहा उनकी बातों को सुन प्रधान हाजी रफीक अहमद ने गाँव वालों को 25 हजार की सहयोग राशि दी और कहा कि रास्ते में जो नाला पड़ता है उसपर गाँव वाले लकड़ी का औपचारिक पुल बनाये ताकि आवागमन में किसी को कोई दिक्कत न हो। ग्रामवासियों ने कार्य प्रारंभ कर लकड़ी के पुल का निर्माण कर दिया और उन्होंने प्रधान हाजी रफीक अहमद से निवेदन किया कि पुल को हमने बड़ी मेहनत से बनाया है और इस मेहनत में सबसे बड़ी ताकत आपकी है इसलिए काफी सहूलियत है और उनका आवागमन शुरू है जिससे उनके चेहरे पर खुशी भी देखी गई। ग्रामवासियों से बातचीत के दौरान



पुल का उद्घघाटन भी आप ही करें। ग्रामवासियों के निवेदन पर ग्राम प्रधान हाजी रफीक अहमद ने पुल की पूजा अर्चना करने के बाद फीता काट पुल का उद्घघाटन किया। फिलहाल इस औपचारिक लकड़ी के पुल निर्माण से ग्रामवासियों को उन्होंने बताया कि ये पहली बार ऐसा मौका आया है कि किसी प्रधान ने सहयोग कर औपचारिक लकड़ी पुल निर्माण कार्य करवाया हो। ग्रामवासी नवागत ग्राम प्रधान हाजी रफीक की जमकर सराहना करते दिखे।

## दहेज को लेकर विवाहिता से सामूहिक दुष्कर्म, आरोपी पति गिरफ्तार

बदायूं (वेबवार्ता)। बदायूं जिले में एक नवविवाहिता ने अपने पति एवं ससुराल वालों पर सामूहिक दुष्कर्म एवं दहेज के लिए जान से मारने की कोशिश का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने शुक्रवार को मामला दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने शुक्रवार रात पत्रकारों को बताया कि एक नवविवाहिता ने दहेज नहीं मिलने से नाराज अपने ससुराल पक्ष पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत के आधार पर 3/7 दहेज अधिनियम और हत्या के प्रयास (307) समेत भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय जांच तथा मामले में जांच के बाद सामने आये तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता ने बदायूं के थाना जरीफनगर पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है। शिकायत के अनुसार कोतवाली सहसवान इलाके के रहने वाले एक व्यक्ति ने 22 जून को अपनी बेटी की शादी जरीफनगर क्षेत्र के सुनील से की थी। आरोप है कि नवविवाहिता के ससुराल पहुंचने पर मन मुताबिक दहेज नहीं मिलने से नाराज ससुरालवालों ने उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता जिला अस्पताल में भर्ती है। आरोपियों में महिला के दो जेठ और उसका पति शामिल है तथा उसकी दो ननद और जेठानी ने उत्पीड़न में आरोपियों का साथ दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि यौन शोषण के बाद आरोपियों ने उससे बर्बरता की और उसे कोल्डड्रिंक में जहर मिलाकर पिलाने की भी कोशिश की गई। सूचना मिलने पर पीड़िता के पिता पुलिस के साथ उसके ससुराल पहुंचे और बेटी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# बच्चों को कोरोना से सुरक्षित बनाने को लेकर जागरूक करने में जुटा स्वास्थ्य विभाग

प्रचार सामग्री के जरिये पहुंचाए जा रहे जरूरी सन्देश

अवध की आवाज ब्यूरो

रायबरेली। कोरोना की संभावित तीसरी लहर का सबसे अधिक असर बच्चों पर पड़ने की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग हर स्तर पर व्यवस्था को चाक चौबंद करने में जुटा है। इसी क्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशक कार्यालय ने कुछ महत्वपूर्ण प्रचार सामग्री भी जारी की है, जिसमें बच्चों को कोरोना से सुरक्षित बनाने को लेकर बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया है।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी.एस. अस्थाना ने बताया दृ कोरोना की तीसरी लहर में बच्चों के प्रभावित होने की आशंका जाहिर की जा रही है, ऐसे में हमें पहले से ही सावधानी बरतनी है। जन्म से लेकर 12 माह तक के बच्चों को हम जरूरी सावधानी बरतकर किसी अप्रिय घटना से बच सकते हैं। लगातार कई दिनों तक यदि बच्चे को 101 डिग्री से अधिक बुखार या लगातार दस्त आयें, अत्यधिक खांसी, पसली का चलना, बच्चा दूध या खुराक लेना बंद कर दे, अत्यधिक रोये या निढाल पड़ जाए, पल्स ऑक्सीमीटर से नापने पर ऑक्सीजन स्तर 94 से नीचे हो तो बिना देरी किये नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या ए.एन.एम उपकेन्द्र पर लेकर जाएँ जहाँ बच्चे की जाँच के बाद उसे दवा दी जाएगी। अस्थाना ने बताया– लक्षण युक्त शिशु (जिनका कोविड टेस्ट अभी ज्ञात नहीं है अथवा अथवा टेस्ट नहीं हुआ है ) तथा कोरोना पॉजिटिव शिशु जिनको केवल बुखार के लक्षण हैं उनके इलाज के लिए हेल्थ वर्कर्स को दवा किट के बारे में बताया गया है। बच्चे को दवा चिकित्सक द्वारा बतायी गयी खुराक के अनुसार ही देनी है। बच्चे को दवा अलग–अलग आयु वर्ग और लक्षणों के अनुसार देनी है। अस्थाना ने बताया– लक्षण दिखने पर बच्चे को बिना किसी चिकित्सक की सलाह के दवा नहीं देनी है। दस्त होने की स्थिति में बच्चे को जीवन रक्षक घोल देना है। एक लीटर पानी को उबालकर ठंडा कर लें। इसके बाद एक लीटर पानी में ओआरएस का पूरा पैकेट घोलकर एक बर्तन में ढक कर रखें। हर बार दस्त होने के बाद बच्चे को दें। समस्या की जानकारी के लिए राज स्तरीय हेल्पलाइन नम्बर– 1800–180–5145 या 104 पर कॉल करें। छह माह तक के बच्चे को मल्टीविटामिन नहीं देनी है और बच्चे को पेरासिटामाल खाली पेट नहीं देना है।

# योगी सरकार लखनऊ में बनाएगी अंबेडकर स्मारक

अवध की आवाज

*लखनऊ। योगी सरकार लखनऊ में बनाएगी अंबेडकर स्मारक, 45 करोड़ के खर्च का अनुमान लगाया गया है। बीजेपी सरकार BSP के परिवर्तन स्थल का जवाब देगी। राष्ट्रपति कोविंद से शिलान्यास करवाने की तैयारीहैं। 29 जून को अंबेडकर कल्चरल सेंटर का शिलान्यास संभव हैं। डॉ भीमराव अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल की तर्ज पर स्मारक में बाबा साहब की 25 फुट ऊंची प्रतिमा लगेगी। डॉ अंबेडकर सांस्कृतिक केंद्र में प्रेक्षागृह भी बनेगा। प्रेक्षागृह में पुस्तकालय, संग्रहालय समेत अन्य सुविधाएं होंगी। ऐशबाग में अंबेडकर सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना का निर्णय लिया गया हैं।*

# "मिशन शक्ति" अभियान के तहत जागरुकता व आत्मरक्षा से संबंधित कार्यक्रम

अवध की आवाज ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। महिलाओं/बालिकाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों, उनके उत्पीड़न की रोकथाम एवं नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे "मिशन शक्ति" अभियान के अन्तर्गत दिनांक 25.06.2021 को पुलिस अधीक्षक खीरी, विजय ढुल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक, अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों में पुलिस द्वारा "मिशन शक्ति" अभियान के तहत जागरुकता व आत्मरक्षा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पुलिस द्वारा ग्राम प्रधान, ए एन एम एवं स्कूल की शिक्षिकाओं के साथ समन्वय बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाध्महिला सम्बन्धी अपराधों के प्रभावी रोकथाम व उनके अधिकारों के बारे में सभी को जागरूक किया गया। साथ ही छात्राओं को मित्र पुलिसिंग के बारे मे अवगत कराया गया। साथ ही विभिन्न हेल्प लाईन नंबर जैसे 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181(महिला हेल्प लाइन), 108(एम्बुलेंस सेवा), 1076(मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन), 112(पुलिस आपातकालीन सेवा), 1098(चाइल्ड हेल्पलाइन), 102(स्वास्थ्य सेवा) के सम्बंध में जानकारी दी गई तथा प्रत्येक थानों पर महिला शिकायतकर्ता के लिये स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी।



# सिखों के छठवें गुरु हरगोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व मनाया गया

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोण्डा। नगर के ददुआ बाजार मकार्थी गंज बड़गांव में स्थित प्राचीनतम गुरुद्वारा बड़गांव साहिब में मीरी पीरी के मालिक गुरु हरगोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मनाया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी किशन राजपाल ने बताया कि प्रातरूकाल से ही गुरुद्वारा साहिब में गूरूनानक नाम लेवा साध संगत का आना शुरू हो गया जो कि कार्यक्रम के समापन तक चलता रहा। गुरुद्वारा साहिब के ज्ञानी गोपाल सिंह, सरदार गुरदयाल सिंह भाटिया , खुशमीत कौर भाटिया ने साध संगत के साथ गुरुवाणी का गायन करके समां बांध दिया। गुरुद्वारा साहिब के प्रधान सरदार राजेंद्र सिंह भाटिया ने गुरु जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु हरगोविंद सिंह महाराज ने पांचवें गुरु अपने पिताश्री गुरु अर्जन देव जी महाराज की शहादत से प्रेरणा लेते हुए स्वयं को युद्ध विद्या में निपुण कर पूरे सिख समाज को शास्त्र के साथ शस्त्र से जोड़ा साथ ही राजनीति और धर्म को एक दूसरे का पूरक बना दिया और ततध्कालिक मुगल शासक जहांगीर के मानवता के खिलाफ किये जा रहे अत्याचारों से समाज को मुक्त कराने के लिए एक विशाल सेना का गठन कर जहांगीर को चार बार युद्ध में परास्त किया और साथ ही सिखों की सर्वोच्च संस्था अकाल तख्त का निर्माण भी कराया।

कार्यक्रम आयोजन में मुख्य रूप से सरदार ज्ञानसिंह उर्फ राजू ,प्रभशरण सिंह, श्रवण छाबड़ा, ईशूपाल भाटिया, अनमोल भाटिया, सिखों के छठवें गुरु हरगोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व मनाया गया।

गोण्डा,नगर के ददुआ बाजार मकार्थी गंज बड़गांव में स्थित प्राचीनतम गुरुद्वारा बड़गांव साहिब में मीरी पीरी के मालिक गुरु हरगोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मनाया गया। मीडिया प्रभारी किशन राजपाल ने बताया कि प्रातरूकाल से ही गुरुद्वारा



साहिब में गूरूनानक नाम लेवा साधा संगतों का आना शुरू हो गया जो कि कार्य क्रम समापन तक चलता रहा।

गुरुद्वारा साहिब के ज्ञानी गोपाल सिंह, सरदार गुरदयाल सिंह भाटिया,खुशमीत कौर भाटिया ने साध संगत के साथ गुरूवाणी का गायन करके समां बांध दिया।

गुरुद्वारा साहिब के प्रधान सरदार राजेंद्र सिंह भाटिया ने गुरु के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु हरगोविंद सिंह महाराज ने पांचवें गुरु अपने पिताश्री गुरु अर्जन देव जी महाराज की शहादत से प्रेरणा लेते हुए स्वयं को युद्ध विद्या में निपुण कर पूरे सिख समाज को शास्त्र के साथ शस्त्र से जोड़ा साथ ही राजनीति और धर्म को एक दूसरे का पूरक बना दिया और तत्कालिक मुगल शासक जहांगीर के मानवता के खिलाफ किये जा रहे अत्याचारों से समाज को मुक्त कराने के लिए एक विशाल सेना का गठन कर जहांगीर को चार बार युद्ध में परास्त किया और साथ ही सिखों की सर्वोच्च संस्था अकाल तख्त का निर्माण भी कराया।

कार्यक्रम के अंत में पहले प्रसाद वितरण किया गया और फिर संगत को लंगर भी कराया गया । कार्य क्रम आयोजन में मुख्य रूप से सरदार ज्ञानसिंह उर्फ राजू , प्रभशरण सिंह, श्रवण छाबड़ा, ईशूपाल भाटिया, अनमोल भाटिया, अजीत बेदी ,हेमा चौनानी, सौम्यता चौनानी,कशिश, प्रेमकुमार स्वर्णकार, श्रीकांत शर्मा आदि का सहयोग रहा

# अवैध तमंचे के साथ दो नफर अभियुक्तहुए गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोंडा संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश पर चलाए जा रहे अवैध तमंचा अभियान के तहत इटियाथोक कोतवाली पुलिस ने 2 नफर अभियुक्तों को एक अदत रिवाल्वर सहित देसी तमंचे के साथ गिरफ्तार कर स्थानीय कोतवाली में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर जिला न्यायालय रवाना किया इस बाबत प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे ने बताया कि उ0 नि0 प्रदीप कुमार व उप निरीक्षक सत्यनारायण यादव आरक्षी चंद्रभान सरोज व संजीव वर्मा के साथ क्षेत्र भ्रमण पर निकले हुए थे इसी बीच मुखबिर खास के द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों के मौजूद होने की सूचना मिली मौके पर पहुंचे उपरोक्त पुलिसकर्मियों ने ग्राम पंचायत भरियालवेदपुर मोड़ गोंडा बलरामपुर रोड के पास से अभियुक्त रंजीत तिवारी पुत्र मुन्नालाल तिवारी निवासी कुरसहा व अहमददिन वारसी पुत्र मोहम्मद इब्राहिम निवासी जानकीनगर थाना खरगुपुर जनपद गोंडा को हिरासत में लेकर जामा तलाशी की तो अभियुक्तों के पास से एक अदद रिवाल्वर 32 बोर व दो अदद जिंदा कारतूस तथा एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा नाजायज कारतूस बरामद किया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध स्थानीय कोतवाली में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर माननीय न्यायालय गोंडा रवाना किया गया।



# खाकी में दिखा मसीहा पिता बन कर किया बहन का कन्यादान, कुछ पुलिस वालों के अंदर अन्दर इतनी इंसानियत देखने काबिल

अवध की आवाज ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। मामला कोतवाली पलिया की मझगई चौकी का है। जिसे चौकी इंचार्ज की जितनी सराहना की जाए उतनी कम जी हाँ हम बात कर रहे है अत्यन्त ईमानदार ,तेजतर्रार , कर्तव्य परायण निष्ठावान लोगों के दिलों में राज करने वाले गरीबों के मसीहा चौकी इंचार्ज हनुमंत लाल तिवारी की जो कि आए दिन अपने कामों के वजह से सुर्खियों में छाए रहते हैं वह केवल सुर्खियों में छाने वाला ही काम नहीं करते बल्कि वाकई में वह एक अत्यंत ईमानदार चौकी इंचार्ज है आज उनकी इस पहल ने तो लोगों के मन खेद कर रख दिया और उनके मन में पुलिस की इज्जत और भी बढ़ा दी।हमेशा से सबके दिलों पर राज करने वाले चौकी इंचार्ज ने पिता की भूमिका बखूबी निभाई। एक अत्यंत गरीब परिवार की बेटी की शादी का उठाया खर्च,तिलक से लेकर शादी तक का उठाया। कुछ समय पहले उस लड़की ने हनुमंत लाल तिवारी को राखी बांधी उस राखी का फर्ज उन्होंने बखूबी निभा दिया और दिखा दिया रिश्ता केवल खून का ही नहीं बड़ा होता है रिश्ता निभाने से बड़ा होता है उस अनाथ बच्ची का कोई सहारा ना होने पर उन्होंने उसकी शादी बड़ी धूमधाम से कराई जोकि 24 जून को कोतवाली नीमगांव के सिकंदराबाद में सम्पन्न हुई शादी,कोई यह उनकी पहली मदद नही है। इससे पहले भी चौकी इंचार्ज गरीबो असहायों की मदद कर चुके है। ये जहाँ भी रहते है वहाँ गरीबों की मदद करते रहते है। पलिया कोतवाली की चौकी मंझगई के इंचार्ज हनुमंत लाल तिवारी की इस पहले से लड़की के परिजन व रिस्तेदारो ने चौकी इंचार्ज हनुमंत लाल तिवारी कि जितनी प्रसंसा करे उतनी कम है।





अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। प्रातकाल उन्नाव में बड़े हनुमान मंदिर और बाईपास मे राहगीरों को भाजपा की नगर मंत्री मंजू शर्मा की वह अमिता वर्मा तरफ से गरीब असहाय लोगों को फल बिस्किट पानी आदि चीजें वितरित की गई इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा युवा मोर्चा के नगर मंत्री मयंक शर्मा, आयांश वर्मा कामिनी आदि लोग शामिल रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की मनाई जयंती

अवध की आवाज ब्यूरो

कानपुर। दिनांक 25 जून 2021 को जिला सीतापुर मुख्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की जयंती मनाई गई जिसकी अध्यक्षता जय प्रकाश पटेल जिला अध्यक्ष अपना दल यस सीतापुर नेकी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय अमर सिंह पटेल प्रदेश सचिव की गरिमामई उपस्थिति रही जिसमें संचालन प्रेम चंद पटेल जिला उपाध्यक्ष के द्वारा किया गया मुख्य अतिथि जी ने प्रधानमंत्री जी के व्यक्तियों पर प्रकाश डालते हुए कहा ऐसे महापुरुष को याद करना हम सबके लिए गौरव की बात है की जिन्होंने संपूर्ण देशवासियों के लिए मंडल कमीशन लागू किया था। जिला अध्यक्ष पटेल ने कहा माननीय प्रधानमंत्री वह राजा थे जिन्होंने अपने परिवार के विरोध के बावजूद गरीबों के बीच अपने सैकड़ों एकड़ पुश्तैनी जमीन बांट दिया पूरे खानदान के लोग इस पूर्ण करण के लिए ताउम्र नाराज रहे इस राजा को जब सत्ता मिली तो वंचितों सोसितो एवं कमेरा समाज को हक देने के लिए सत्ता को दांव पर लुटा दिया ऐसे महापुरुष को अपना दल यस कोटि–कोटि नमन करता है। जिस कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव माननीय ताराचंद पटेल जी मेवा लाल पटेल छविनाथ प्रसाद वर्मा सेवक राम पटेल जी रामस्नेही गुप्ता जी रमेश चंद गुप्ता राम हेत मौर्य जी आदि तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।



# संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा राजभवन घेराव के आवाहन पर पदाधिकारियों के साथ दिया ज्ञापन

अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा राजभवन घेराव के आवाहन पर 26जून लखनऊ कार्यक्रम को असफल करने के लिए प्रशासन भारतीय किसान मंच सहित अन्य किसान संगठन पदाधिकारियों को बार बार घरों पर बंधक बनाकर किसानों के प्रति लोकतंत्र की हत्या के लिए अमादा है। यह बात भारतीय किसान मंच जिला अध्यक्ष अंबुज श्रीवास्तव ने बिसवां पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें रात में ही अपने फार्म पर बंधक बनाए जाने के बाद संगठन पदाधिकारियों के साथ ज्ञापन देते हुए कही! जिला संगठन मंत्री राजू खान ने कहा कि आंदोलन में रुकावट तो डाली जा सकती है परन्तु कुचला नहीं जा सकता। जागरूकता अभियान और अपने हकों के लिए, संघर्ष ही हम सभी का उद्देश्य है! जिला कोषाध्यक्ष इस्लामुद्दीन अंसारी ने कहा कि लोकतंत्र के प्रति जनता जनार्दन में जागरूकता आ चुकी है,उसे गुमराह नहीं किया जा सकता! उत्तर प्रदेश में दो हजार बाइस में हो रहे विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल की तरह उत्तर प्रदेश की जनता भी सबक सिखाएगी! ज्ञापन देने वालों में जिला सचिव मासूम अली, तहसील उपाध्यक्ष मेराज खान,सुशोभित श्रीवास्तव, सिराजुद्दीन, इस्तकार अली, गुड्डू, और अमरेंद्र आदि किसान साथी उपस्थित थे।



# कोविड से प्रभावित एमएसएमई को सशक्त बनाने की अपील

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। अंतरराष्ट्रीय एम एस एम ई दिवस के मौके पर वाधवानी फाउंडेशन ने एम एस एम ई के सशक्तिकरण की अपील करते हुए कहा है कि जिनकी क्षमता है उन्हें अपने विकास को गति देनी चाहिए। इसके अलावा, कोविड महामारी के कारण संघर्ष कर रहे एम एस एम ई को भी मजबूत किया जाना चाहिए।

फाउंडेशन ने कहा कि अंतर राष्ट्रीय एम एस एम ई दिवस 2021 एक ऐसा समय है जब हमें आत्म निरीक्षण करना चाहिए और एम एस एम ई क्षेत्र को जिन मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है उसका ख्याल रखना चाहिए। हालांकि, एमएसएमई देश के आर्थिक और सामाजिक ताना–बाना का अहम हिस्सा है और पूरी रीकवरी उच्च सघनता और रणनीतिक ढंग से तैयार सहायता से ही संभव होगी और बेहद उत्साह वाले क्षेत्र को इसकी जरूरत है। इसलिए, यह आवश्यक है कि इस क्षेत्र को स्थिर किया जाए और इसके लिए तात्कालिक चुनौतियों का मुकाबला किया जाए। इनमें नकद प्रवाह, वेतन, दबाव डाल रहे कर्जदाताओं का ख्याल रखने के साथ शायद ज्यादा महत्वपूर्ण चुनौती यह पता लगाने की है कि विकास कहां है और यह इसकी सच्ची संभावना को हासिल करने के लिए आवश्यक है।

वाधवानी एडवांटेज के कार्यकारी उपाध्यक्ष समीर साठे ने कहा "महामारी ने जब सारी दुनिया को परेशान कर रखा है खासकर विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को तो इत तथ्य को नए सिरे से स्वीकार किया जा रहा है कि एमएसएमई को सहायता की जरूरत है। उनपर ध्यान दिया जाना चाहिए और अगर ऐसा नहीं किया गया तो कारोबार, वाणिज्य, अर्थव्यवस्था और आजीविका की विश्व व्यवस्था भरभरा कर गिर जाएगा और समय नहीं लगेगा, खत्म हो जाएगी।" उन्होनें कहा कि एमएसएमई पंजीकरण में हाल में आई तेजी और उनके कारोबारों में डिजिटल नवीनता का निगमन एमएसएमई के लचीलेपन का एक उत्साहवर्धक संकेत है और यह महामारी के बावजूद है। वाधवानी एडवांटेज उनके कारोबारी बुनियाद को गति देने और मजबूत करने के साथ उन्हें स्थिर करने पर फोकस करता है। इस तरह, दीर्घ अवधि में द्रुत विकास को संभव करता है। हम कारोबारों का सशक्तिकरण करते हैं और उन्हें अपनी विकास संभावना को अधिकत्तम करने की क्षमता से लैस करते हैं। इसके लिए ऑटोमेटेड बिजनेस डिसकवरी और ट्रांसफॉर्मेशन टूल्स मुहैया करवाते हैं। हम चाहते हैं कि उद्यमियों को प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे अपने सलाहकार बन सकें।

एमएसएमई क्षेत्र को आम तौर पर देश के विकास के इंजन के रूप में जाना जाता है और देश की अर्थव्यवस्था में इसका योगदान 30 फीसदी से ज्यादा है और यह जीडीपी के साथ–साथ रोजगार भी पैदा करते है। कोविड महामारी का पूरे एमएसएमई क्षेत्र में गंभीर प्रभाव पड़ा था।

# सप्ताह में दूसरी बार कोरोना के नये मामले 50 हजार से कम हुए

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। देश में कोरोना वायरस संक्रमण की रफ्तार धीमी पड़ने तथा संक्रमण के नये मामलों में उतार चढ़ाव के बीच इस सप्ताह दूसरी बार नये मामले 50 हजार से कम हुए है।

इस बीच शुक्रवार को 61 लाख 19 हजार 169 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये। देश में अब तक 31 करोड़ 50 लाख 45 हजार 926 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 48,693 नये मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ एक लाख 83 हजार 143 हो गया है। इस दौरान 64 हजार 818 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की कुल संख्या बढ़कर दो करोड़ 91 लाख 93 हजार 85 हो गयी है। सक्रिय मामले 17,303 कम होकर पांच लाख 95 हजार 565 रह गये हैं। इसी अवधि में 1,183 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर तीन लाख 94 हजार 493 हो गया है। देश में सक्रिय मामलों की दर कम होकर 1.97 फीसदी, रिकवरी दर बढ़कर 96.72 फीसदी और मृत्यु दर 1.31 हो गयी है।

महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों में सक्रिय मामलों में 1045 कमी आने के बाद यह संख्या घटकर 1,23,866 रह गयी है। इसी दौरान राज्य में 10,138 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद कोरोनामुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 57,72799 हो गयी है जबकि 511 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,20,370 हो गया है।

अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com

नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।